**साइक्लोथोन-2021** • कलेक्टर ने कहा-18 वर्ष से ऊपर के सभी लोग वैक्सीन लगवाएं

# युवाओं ने साइकिल रैली से दिया कोरोना जागरूकता और वैक्सीनेशन का संदेश

भास्कर संवाददाता | चूरू

### कलेक्ट्रेट से लोहिया कॉलेज तक निकाली गई साइकिल रैली



साइकिल रैली निकालते युवा।

जिला मुख्यालय पर बुधवार सुबह युवाओं ने साइकिल रैली के जरिए कोरोना जागरूकता, वैक्सीनेशन और नो व्हीकल-डे का संदेश दिया। नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जयपुर व साइकिल क्लब चूरू की तरफ से हुई साइक्लोथोन-2021 को कलेक्टर सांवरमल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्ट्रेट से रवाना हुई रैली लोहिया कॉलेज पहुंची। कॉलेज में प्राचार्य दिलीप पूनिया, पीएमओ डॉ. एफएच गौरी, सहायक निदेशक (जनसंपर्क) कुमार अजय, सोमेश शर्मा ने प्रत्येक संभागी को सम्मानित किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी के प्रयासों से कोरोना अभी नियंत्रण में है। हमें सतर्क रहते हुए सरकार की ओर से बताए प्रोटोकॉल की पालना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उपलब्धता के अनुसार जल्दी से जल्दी वैक्सीन लगवाएं और परिवार में कोई भी 18 वर्ष से ऊपर का व्यक्ति वैक्सीन से वंचित नहीं रहे। रैली संयोजक डॉ. जेबी खान ने नो व्हीकल डे की जानकारी दी।

नारायणा मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पीटल के मार्केटिंग हैड रोहित कुमार ने स्वास्थ्य जागरुकता का महत्व बताया। इस दौरान एसीईओ डॉ. नरेंद्र चौधरी, सीनियर मैनेजर सुमित गुप्ता, शेखावाटी प्रभारी प्रवीण बुडाकिया, डॉ. राहुल कस्वा, एनसीसी के डॉ बीएल मेहरा, हेमंत मंगल, एनएसएस के जावेद खान, शांतनु डाबी, आरजे ब्लड हैल्प लाइन से अमजद तुगलक, पोलीटेक्निक कॉलेज के जितेंद्र कुमार, डॉ. चंपालाल वर्मा, चूरू चेतना मंच के विनोद राठी, केकेवाईबी के आसिफ खान, पार्षद शाहरूख खान आदि उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर
04-Sep-2019
सादुलपुर भास्कर Page 1

**पहल** • लोहिया कॉलेज के सह आचार्य डॉ. जेबी खान ने सीएम से महीने की पहली तारीख को लागू करने की मांग की

# सहआचार्य ने मुख्यमंत्री को बताया-चूरू के लोहिया कॉलेज की तर्ज पर प्रदेश में नो-व्हीकल डे लागू हो तो एक दिन में बचेगा लाखों लीटर पेट्रोल

भास्कर संवाददाता | चूरू

राजकीय लोहिया कॉलेज के तर्ज पर प्रदेश में महीने की पहली तारीख को सरकारी कार्यालयों में नो-व्हीकल डे लागू होने पर एक दिन लाखों लीटर पेट्रोल बचेगा। एक दिन में प्रदेश करोड़ों रुपए बचा सकेगा। ये कहना है लोहिया कॉलेज के सह आचार्य डॉ. जेबी खान का। वे सोमवार शाम को जयपुर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिले तथा उन्होंने चूरू के राजकीय लोहिया कॉलेज में दो साल से महीने की पहली तारीख को लागू किए गए नो-व्हीकल डे के बारे में जानकारी देते हुए उसके फायदे बताए। सीएम गहलोत ने डॉ. खान के सुझाव को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को इसके बारे में कार्य योजना बनाकर उन्हें प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डॉ. जेबी खान लोहिया कॉलेज में सह आचार्य के पद पर कार्यरत है। वे राजीव गांधी स्टडी सर्किल चूरू के जिला समन्वयक भी है। उनकी पहल पर ही चूरू के राजकीय लोहिया कॉलेज 2017 में महीने की पहली तारीख को नो-व्हीकल डे घोषित किया गया, जिसके परिणाम भी उत्साहजनक आए। कॉलेज में स्टूडेंट्स से लेकर व्याख्याता, प्राचार्य तक बिना व्हीकल के आए, जिससे एक दिन में सैकड़ों लीटर पेट्रोल की खपत रुकी। इसके बाद 2018 में भी परीक्षा से पूर्व तक कॉलेज में नो-व्हीकल डे लागू रहा। अब इस साल इसी माह में 15 सितंबर को व फिर अन्य महीने में पहली तारीख को कॉलेज में नो-व्हीकल डे रहेगा।



सीएम से मिलते सह आचार्य।

डॉ. खान का कहना है कि उनका सुझाव सीएम को पसंद आया है। वे अधिकारियों से विचार विमर्श के बाद इसे सरकारी कार्यालयों में महीने में एक दिन लागू कर सकते है। हालांकि अंतिम निर्णय सीएम को खुद को करना है।डॉ. खान ने सीएम को बताया कि यह घोषणा पूर्णत: स्वैच्छिक रखी जाए । जो कर्मचारी पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहेंगे वो स्वयं ही इसको अपना लेंगे। यह नवाचार देश में प्रदूषण कम करने का एक अनूठा प्रयास होगा। इस अवसर साथ मौजूद समाज सेविका रेहाना मोयल ने स्कूलों एवं कॉलेज में छात्राओं के लिए सेनेटरी नेपकिन की मशीनें सरकार द्वारा लगाने का आग्रह किया।

# माह की पहली तारीख को करें स्वैच्छिक नो व्हीकल डे घोषित

## राजीव गांधी स्टडी सर्किल के जिला समन्वयक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**चूरू.** राजीव गांधी स्टडी सर्किल चूरू के जिला समन्वयक एवं राजकीय लोहिया कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ जेबी खान ने मुख्यमंत्री एवं राजीव गांधी स्टडी सर्किल के चेयरमैन अशोक गहलोत से मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में महीने की पहली तारीख को स्वैच्छिक नो व्हीकल डे घोषित करने की मांग की। डा. खान ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह घोषणा पूर्णतः स्वैच्छिक रखी जाए। जो कर्मचारी पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहेंगे वो स्वयं ही इसको अपना लेंगे। इस मौके समाजसेविका रेहाना मोयल ने स्कूलों एवं कॉलेजों में छात्राओं के लिए सेनेटरी नेपकिन की मशीने सरकार की ओर से आग्रह किया। जिन संस्थानों में पहले से ऐसी मशीने लग चुकी हैं. उनकी देखभाल समय समय पर करने का भी निवेदन किया। इस पर मुख्यमंत्री ने इस पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत ही निर्देशित किया।

दैनिक भास्कर चुरू 27-12-2020

# आयुक्तालय में नए साल से नो-व्हीकल डे



चूरू | कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय में भी नए साल की पहली तारीख को नो-व्हीकल डे अभियान शुरू किया जाएगा। ये जानकारी कॉलेज शिक्षा आयुक्त संदेश नायक ने दी। उन्होंने आयुक्तालय में नो-व्हीकल डे अभियान के पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि ये अभियान पहले से प्रदेश के सभी कॉलेजों में लागू कर दिया है। अब इसे आयुक्तालय में शुरू किया जाएगा। इस अभियान की शुरूआत करने वाले लोहिया कॉलेज चूरू के सह आचार्य डॉ. जेबी खान, दीपेंद्र सोलंकी, शांतनु डाबी, मो जावेद खान, एनएसएस के राज्य समन्वयक डॉ बनय सिंह, राज्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ धर्मेंद्र चाहर और सहायक निदेशक सुभाष यादव उपस्थित थे।

## पहल: एक दिन में बचा लाखों रुपए का पेट्रोल

# चूरू में मनाया पहला जिला स्तरीय नो व्हीकल-डे

पीयूष शर्मा
पंजाब केसरी/चूरू

चूरू जिले में पहले जिला स्तरीय नो व्हीकल-डे का शुभारंभ गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर संदेश नायक व एसपी तेजस्वनी गौतम ने किया। कलेक्टर ने कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम संयोजक लोहिया महाविद्यालय के सह आचार्य डॉ. जेबी खान ने बताया कि चूरू जिले के सभी कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी बिना निजी वाहन से अपने कार्य स्थल पहुंचे। इस मौके पर राजकीय लोहिया महाविद्यालय पूर्णतया व्हीकल फ्री रहा। लोहिया कॉलेज के संकाय सदस्यों, 150 विद्यार्थियों व आमजन ने कलक्ट्रेट से महाविद्यालय तक साइकिल रैली निकाली। इससे एक ही दिनें में लाखों रुपए के पेट्रोल की बचत हुई।



साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए।

### एकेडमी में लागू किया नो व्हीकल-डे

सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र जोशी ने बताया कि लोहिया कॉलेज में पहले से चल रही इस नो व्हीकल डे मुहीम को जिला प्रशासन की ओर से स्वैच्छिक रूप से अपनाने का आह्वान किया गया। इस पर उन्होंने अपनी संस्थाओं सक्सेस पॉइंट इंस्टीट्यूट व चूरू स्पोर्ट्स अकेडमी में इसे हर हफ्ते लागू कर दिया।

### ये संस्थाएं हुई शामिल

अभियान में राजकीय विधि महाविद्यालय चूरू, इंडियन पब्लिक स्कूल चूरू, शक्ति सरस्वती स्कूल चूरू, कॅरियर कॉलेज चूरू, बालिका महाविद्यालय चूरू, राजकीय महाविद्यालय तारानगर, राजकीय कन्या महाविद्यालय तारानगर, राजकीय महाविद्यालय सरदारशहर, राजकीय महाविद्यालय रतनगढ़, राजकीय कन्या महाविद्यालय रतनगढ़, राजकीय महाविद्यालय रामगढ़, राजकीय बगला स्कूल चूरू, एनसीसी, एनएसएस व स्काउट विद्यार्थी आदि शामिल हुए। अमजद तुगलक की ओर से पेयजल की व्यवस्था की गई।

# प्रदेश के सभी कॉलेजों में नो व्हीकल-डे लागू करने की उच्च शिक्षा मंत्री से मांग



भास्कर संवाददाता | चूरू

राजकीय लोहिया कॉलेज के सह आचार्य डॉ. जेबी खान ने स्वैच्छिक नो व्हीकल डे मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए शनिवार को उच्च शिक्षा मंत्री भंवरसिंह भाटी से जयपुर में मुलाकात की। उन्होंने इस अभियान को पर्यावरण संरक्षण के प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी कॉलेज में लागू करने की मांग की। डॉ. खान ने उच्च शिक्षा मंत्री को बताया कि कॉलेज की इस स्वैच्छिक योजना को कलेक्टर ने पूरे चूरू जिले में लागू कर दिया है। जिसकी शुरुआत 12 सितंबर को की जा चुकी है। इसी तर्ज पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाना पर्यावरण संरक्षण के लिए सराहनीय पहल होगा।

शिक्षा मंत्री ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे प्रदेश के कॉलेजों में लागू करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मोहम्मद जावेद खान, अनिल सैनी, विवेक चुलेट, मुकेश मीना, दीपेंद्र सोलंकी, नवीन कुमार, सुरेश कुमार सहायक आचार्य उपस्थित थे।

सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की। करवाया गया। लेकिन कोई कार्रवाई उपस्थित थे। प्चार एवं प्रेम बांका ने की।

## आज मनाया जाएगा पहला जिला स्तरीय नो व्हीकल डे

# वाहन का उपयोग कम करने का संदेश

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**चूरू.** जिले में एक नवाचार के तहत प्रत्येक माह की पहली तारीख को नो व्हीकल डे मनाया जाएगा। इसी क्रम में गुरुवार को जिला कलक्टर संदेश नायक एवं जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम कलक्ट्रेट परिसर से अभियान का शुभारंभ करेंगी। उन्होंने कलक्ट्रेट सहित जिले के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से इस दिन स्वैच्छिक रूप से बिना वाहन कार्यालय आने का आह्वान किया है।

कलक्टर नायक ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए यह एक सराहनीय प्रयास है। इसी के कड़ी में जिले में प्रत्येक माह की प्रथम तारीख को पर्यावरण की शुद्धता को बनाए रखने के उद्देश्य से चूरू जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों में स्वैच्छिक नो व्हीकल डे घोषित किया गया है।

कार्यक्रम के संयोजक लोहिया महाविद्यालय के सह आचार्य डा. जेबी खान ने बताया कि विद्यार्थियों और आमजन की प्रेरणा के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इसके लिए परिसर में मोहम्मद जावेस खान के नेतृत्व में रैली निकाली। रैली में आशिब खान, जितेंद्र कुमार, ज्योति सिंह, अशोक दाधीच, ज्योति बरजाति, सलीम खान, भूमिका, पायल, सुमन, सोएब खान, कुलदीप गुर्जर आदि ने भागीदारी निभाई।



*चूरू. नो व्हीकल डे के अवसर पर वाहनों का उपयोग कम करने का संदेश देते लोहिया कॉलेज के विद्यार्थी।*

# राजकीय व निजी महाविद्यालयों में नो व्हीकल डे लागू करने की मांग

**हिन्दुस्तान एक्सप्रेस**

चूरू। राजकीय लोहिया महाविद्यालय चूरू के सह आचार्य डॉ जेबी खान ने स्वैच्छिक नो व्हीकल डे मुहीम को आगे बढ़ाते हुए जयपुर में उच्च शिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी से मुलाकात कर इसे राज्य के सभी राजकीय व निजी महाविद्यालयों में लागू करने की मांग की। डॉ. खान ने उच्च शिक्षा मंत्री को बताया कि महाविद्यालय की इस स्वैच्छिक योजना को चूरू कलेक्टर ने पूरे जिले में लागू किया है। इसकी शुरुआत 12 सितम्बर को की जा चुकी है। इसी तर्ज पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाना पर्यावरण सरंक्षण के लिए सराहनीय पहल होगा। शिक्षा मंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के महाविद्यालयों में लागू करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मोहम्मद जावेद खान, अनिल सैनी, विवेक चुलेट, मुकेश मीना, दीपेंद्र सोलंकी, नवीन कुमार व सुरेश



कुमार आदि मौजूद थे।

# चूरू की पहल पर सप्ताह के पहले दिन नो-व्हीकल डे घोषित

चूरू | राजकीय लोहिया कॉलेज के बाद चूरू में जिलास्तर पर 12 सितंबर को कलेक्टर की ओर से नो-व्हीकल डे घोषित किए जाने का असर प्रदेश भर में होने लगा है। बीकानेर के शिक्षा निदेशालय में अब सप्ताह के पहले दिन सोमवार को नो-व्हीकल डे घोषित किया है। शिक्षा निदेशक नथमल डिडेल ने इस संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि वे सप्ताह के पहले दिन सोमवार को बिना व्हीकल के निदेशालय आएं। बतादें कि निदेशक डिडेल खुद सोमवार को साइकिल से निदेशालय पहुंचे। अभियान के संयोजक राजकीय लोहिया कॉलेज के सह आचार्य डॉ. जेबी खान ने कहा कि चूरू जिले की इस पहल का असर प्रदेशभर में होने लगा है। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही निदेशक डिडेल को पत्र लिखकर इसे प्रदेश के सभी स्कूलों में स्वैच्छिक रूप से लागू करने के लिए कहेंगे।

# राज्य के राजकीय व निजी महाविद्यालयों में नो व्हीकल डे लागू करने की मांग



*उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए।*

## उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

पीयूष शर्मा

पंजाब केसरी/चूरू

राजकीय लोहिया महाविद्यालय चूरू के सह आचार्य डॉ. जेबी खान ने स्वैच्छिक नो व्हीकल डे मुहीम को आगे बढ़ाते हुए जयपुर में उच्च शिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी से मुलाकात कर इसे राज्य के सभी राजकीय व निजी महाविद्यालयों में लागू करने की मांग की। डॉ. खान ने उच्च शिक्षा मंत्री को बताया कि महाविद्यालय की इस स्वैच्छिक योजना को चूरू कलेक्टर ने पूरे जिले में लागू किया है।

इसकी शुरुआत 12 सितम्बर को की जा चुकी है। इसी तर्ज पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाना पर्यावरण संरक्षण के लिए सराहनीय पहल होगा। शिक्षा मंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के महाविद्यालयों में लागू करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मोहम्मद जावेद खान, अनिल सैनी, विवेक चुलेट, मुकेश मीना, दीपेंद्र सोलंकी, नवीन कुमार व सुरेश कुमार आदि मौजूद थे।

# धुंध और सर्दी में भी बना रहा लोगों का उत्साह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

चूरू. पर्यावरण संरक्षण, फिट इंडिया मूवमेंट तथा सेफर इंडिया फॉर वीमेन के संदेश को लेकर रविवार को जिला मुख्यालय पर नेहरू युवा केंद्र एवं साइकिल क्लब, की ओर से निकाली गई दिशा साइकिल रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

भारी ठंड और कोहरे के बावजूद साइकिल रैली को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आया।



चूरू. फिटनेस और सुरक्षा के संदेश को लेकर निकाली गई साइकिल रैली में भाग लेते लोग।

जिला कलक्टर संदेश नायक ने कलक्ट्रेट स्थित कस्तूरबा कैंटीन से रैली को रवाना किया। डीआरसीएचओ डा सुनील जांदू, राजीविका के डीपीएम बजरंग सैनी, पीआरओ कुमार अजय, लोहिया कॉलेज के सह-आचार्य डॉ जेबी खान, बी.एल. मेहरा, जावेद खान, शांतनु डाबी, हेमंत मंगल, लोहिया कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष देवव्रत मोगा, अमजद सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस के जवान, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, खिलाड़ी एवं युवा शामिल हुए। रैली नेचर पार्क, टाऊन हॉल, सानिवि विश्राम गृह होते हुए वापस कलक्ट्रेट पहुंची। यहां जिला कलक्टर ने समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए और वरिष्ठ साइकिल सवारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

रैली संयोजक डॉ जेबी खान ने बताया कि उनकी कोशिश है कि क्लब के सदस्य प्रतिदिन सवेरे साइकिल चलाएं। तुगलक साइकिल सेंटर के अमजद तुगलक की ओर से टी-शर्ट भेंट की गई।

इस आयोजन में तुगलक ट्रेडर्स, एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजीविका मिशन का सहयोग रहा। आयोजन में मंगल जाखड़, सोमेश शर्मा, बजरंग सैनी, नेमीचंद जांगिड़, मो. जावेद खान, डॉ सुनील जांदू, हेमंत सैनी, सद्दाम हुसैन, सीनियर ऑफिसर पंकज सैनी, आबिद खान, अमजद तुगलक ने सहयोगी भूमिका निभाई।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए पहल** • कलेक्टर, डीईओ और कॉलेजों के नोडल अधिकारी ने जारी किए अपील लेटर, इस माह 12 सितंबर को रहेगा

# कॉलेज, स्कूल व सरकारी ऑफिस में माह की पहली तारीख को रखेंगे नो व्हीकल-डे

भास्कर संवाददाता | चूरू

चूरू जिला पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में 12 सितंबर को एक बड़ी पहल करने जा रहा है। पहली बार जिले के सभी सरकारी कॉलेजों, स्कूलों व सरकारी कार्यालयों में इस दिन नो-व्हीकल डे रखने की कवायद हो गई है। इसके लिए कलेक्टर, कॉलेज के नोडल अधिकारी व डीईओ प्रा-मा ने स्वैच्छिक नो-व्हीकल डे रखने के लिए अपील पत्र विभागों व संबंधितों को जारी किए हैं।

ये भी तय है कि जिले सरकारी कार्यालय, स्कूल व कॉलेजों ने ईमानदारी से महीने में एक दिन स्वैच्छिक नो-व्हीकल डे रख लिया तो इसका असर ये होगा कि मात्र एक दिन में चूरू जिले में लाखों की लीटर पेट्रोल बचत होगी। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने सोमवार को इसके लिए सभी विभागाध्यक्ष को अपील पत्र जारी किया है, जिसमें आह्वान किया गया है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए चूरू के राजकीय लोहिया कॉलेज में की गई पहल को स्वैच्छिक सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूलों व कॉलेजों में लागू किया जाए। डीईओ प्रा-मा संतलाल बारूपाल ने जिले के सभी सीबीईओ व संस्थाप्रधानों इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है। कॉलेजों के नोडल अधिकारी राजकीय लोहिया कॉलेज के प्राचार्य दिलीपसिंह पूनिया ने सभी 11 सरकारी कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र लिखकर इस अभियान में स्वैच्छिक सहयोग करने की अपील की है। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनूप खान ने अभियान में सहयोग का विश्वास दिलाया है। इतना ही नहीं निजी कॉलेज भी इस अभियान में सहयोग करने के लिए आगे आने लगे हैं। कैरियर कॉलेज ने भी अभियान में सहयोग करने की बात कही है।

## दो साल पहले लोहिया कॉलेज चूरू में पहली तारीख को नो व्हीकल-डे घोषित किया

बता दें कि राजकीय लोहिया कॉलेज के सह आचार्य डॉ. जेबी खान के सुझाव पर दो साल पहले राजकीय लोहिया कॉलेज में महीने की पहली तारीख को नो-व्हीकल डे घोषित किया गया। इसका असर ये रहा कि कॉलेज का पूरा स्टाफ व विद्यार्थी बिना व्हीकल के आए तथा कुछ साइकिल लेकर आए। इससे हर महीने केवल एक कॉलेज में एक दिन में हजारों लीटर पेट्रोल की खपत कम हुई। 3 सितंबर को सह आचार्य डॉ. खान सीएम अशोक गहलोत से भी मिले तथा उन्हें चूरू के राजकीय लोहिया कॉलेज की तर्ज पर प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में महीने की पहली तारीख स्वैच्छिक नो-व्हीकल डे करवाने का सुझाव दिया था, जिस पर सीएम ने अधिकारियों को तत्काल कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए थे।

### नागौर, झुंझुनूं व सीकर के कई कॉलेज भी आगे आए

लोहिया कॉलेज के सह आचार्य डॉ. जेबी खान ने बताया कि नागौर के राजकीय कॉलेज, सीकर जिले के रामगढ़ शेखावाटी के राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज व झुंझुनूं के राजकीय गर्ल्स कॉलेज ने स्वैच्छिक नो-व्हीकल डे अपने कॉलेज में लागू करने की घोषणा की है। उन्होंने चूरू के इस अभियान को पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छा बताया है। इससे लाखों लीटर डीजल-पेट्रोल की भी बचत होगी।



# चूरू विद साइकिल ऑनलाइन प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

भास्कर संवाददाता | चूरू

लॉकडाउन अवधि के दौरान आयोजित चूरू विद साइकल ऑनलाइन प्रतियोगिता का परिणाम विश्व साइकिल दिवस पर घोषित किया गया। आयोजक डॉ जेबी खान ने बताया कि यह प्रतियोगिता में दो थीम रखी थी। पहली साइकिल के साथ घर के अंदर ही फोटो खींच कर भेजनी थी और दूसरी साइकल के ऊपर कोई स्लोगन लिखना था। दोनों थीम पर 5-5 सर्वश्रेष्ठ एंट्री का चयन किया। साइकिल की फोटो के साथ प्रथम 5 विजेता ऋषित जांदू, रिंकू पूनियां, पवन कस्वा, दीपेंद्र सोलंकी, सुमन पारीक रहे। साइकिल पर स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पांच विजेता श्रीराम सैनी, माहिर खान, आकाश ओझा, मयंक गोठवाल, अनुराग धायल रहे। सभी विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र के कोऑर्डिनेटर मंगल जाखड़ ने बताया कि विजेताओं को उनकी ओर से सम्मानित किया जाएगा।

# कोरोना जागरूकता के लिए निकाली रैली, चूरू विथ साइकिल के विजेताओं को किया सम्मानित

भास्कर संवाददाता | चूरू



चूरू. रैली में शामिल हुए बच्चों के साथ कलेक्टर संदेश नायक।

कोरोना जागरूकता अभियान के तहत साइकिल रैली निकाली गई। कलेक्टर संदेश नायक ने कलेक्ट्रेट से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चूरू साइकिल क्लब व नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से निकाली गई रैली लोहिया कॉलेज, धर्म स्तूप, पंखा चौराहा होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट पहुंचकर संपन्न हुई। पूर्व में आयोजित प्रतियोगिता चूरू विथ साइकिल के विजेता दीपेंद्र सोलंकी, पवन कस्वा, सुमन शर्मा, रिंकू पूनिया, श्रीराम सैनी, माहिर खान, आकाश ओझा, अनुराग धायल तथा निर्णायक निगार सुल्ताना व सोमेश शर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान रैली संयोजक डॉ. जेबी खान, एडीएम रामरतन सौंकरिया, सीईओ आरएस चौहान, एसीईओ डॉ. नरेंद्र चौधरी, एसडीएम अवि गर्ग, डॉ. एफएच गौरी, सहायक निदेशक (जनसंपर्क) कुमार अजय, मोहम्मद रिजवान, अमजद खान, डॉ. शशांक आदि मौजूद थे।